Ho/05/11/26

कार्यालय-अध्यक्ष, चयन समिति / जनपद न्यायाधीश, उन्नाव।

विज्ञप्ति

पत्र संख्या: 223 / 2026 दिनांक: 05.11.2026

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के C.L. No. 14/Admin. (D) Section: Dated 15.10.2022 के अनुपालन में जनपद न्यायालय उन्नाव में निम्न रिक्त पद पर जनपद न्यायालय से सेवानिवृत तृतीय कर्मचारीगण की पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदन पत्र दिनांक 17-11-2026 की सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्रम संख्या	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या
1	कनिष्ठ सहायक	19

नोट:-

1- उक्त पद का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन, जिसमें से पेंशन राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा।

2-आवेदक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो।

3- उक्त पद पर चयनित कर्मचारी का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष या उस पद पर सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा भरे जाने अथवा 65 वर्ष आयु पूर्ण होने में से जो भी पहले हो, तक के लिये होगा।

4- चयनित कर्मचारी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो संतोषजनक सेवा न पाये जाने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

5- आवेदक की विगत पूर्व 5 वर्षों की चरित्र पंजिका सही हो। आवेदक का पूर्ववर्ती आचरण (past record) व ए०सी०आर० उसकी नियुक्ति का आधार होगा।

6- आवेदक पर कोई आपराधिक / सिविल मुकदमा लम्बित एवं पंजीकृत न हो।

7- उक्त पद पर पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदक अपना आवेदन-पत्र, दिनांक 17.11.2026 को सायं 5:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रशासनिक अधिकारी, जनपद न्यायालय, उन्नाव को आदेशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय के सेवानिवृत कर्मचारियों के मध्य परिचालित कराया जाय। सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाय एवं सिस्टम आफीसर उन्नाव को निर्देशित किया जाता है कि इस विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय उन्नाव तथा माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, उन्नाव को कम से कम दो दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाय।

05/11/26

जनपद न्यायाधीश/
अध्यक्ष, चयन समिति
उन्नाव।

Copy forwarded to System Officer for information and necessary action.

For Chief Administrative Officer
Civil Court, Unnao
05.11.2026

जनपद न्यायालय उन्नाव में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने वाले रिक्त पद पर सेवायोजन के लिए आवेदन-पत्र

(As per C.L. No. 14/Admin "D" Section: Dated: 15-10-2022)

आवेदित पद का नामः

1- आवेदक का नामः .....

2- पिता / पति का नामः .....

3- जन्म तिथिः .....

4- सेवानिवृति की तिथिः .....

5- अन्तिम धारित पद एवं जनपद न्यायालय का नाम (जहाँ से सेवानिवृत्त हुए हैं) : .....

6- फोटोयुक्त पहचान-पत्र विवरण (पहचान-पत्र / आधार कार्ड / अन्य वैध पहचान-पत्र) : .....

7- स्थायी पताः .....

8- अस्थायी पताः .....

9- मोबाईल नम्बरः .....

10- ई-मेल आई०डी० : .....

11- शैक्षणिक योग्यताः .....

नोटः- अन्तिम आहरित वेतन व आहरित वेतन पैंशन आदेश की प्रति इस आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

अण्डरटेकिंग

मैं इस आशय की अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हूँ / कर रही हूँ कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूँ एवं जनपद न्यायालय, उन्नाव में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूँ। मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नहीं दी गयी है, जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं है।

जनपद न्यायालय उन्नाव में मेरे विरूद्ध या मुझसे सम्बन्धित कोई आपराधिक / सिविल वाद विचाराधीन नहीं है।

मैं प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरी निजी जानकारी में सही व सत्य हैं। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पायी गयीं तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम / शर्तों का भली-भाँति अवलोकन कर लिया है तथा सभी मुझे स्वीकार हैं।

दिनांकः .....

(आवेदक के हस्ताक्षर)

स्थानः उन्नाव